हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 17 सितंबर 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार:

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया 2026 का शुभारंभ किया।
2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा- स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्टैंड अप इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने युवाओं के लिए स्वरोजगार और उद्यमिता के रास्ते खोले।
3. मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों से हर घर में आशीर्वाद का दीया जलाने का आह्वान किया।
4. श्री नायब सिंह सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण की शुरुआत की।
5. सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ पर श्री नायब सिंह सैनी ने अम्बाला से 100 दिवसीय अनीमिया मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया।

=====================================

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के यशोभूमि परिसर में सेमीकॉन इंडिया 2026 का शुभारंभ किया। तीन दिवसीय यह सम्मेलन भारत में सहयोग, निवेश, नवाचार और प्रतिभाओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि एक ओर हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे जा रही है, वहीं दूसरी तरफ भारत पर दुनिया का भरोसा भी बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बावजूद, भारत ने 7 दशमलव 8 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है। उन्होंने कहा कि भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का तेजी से विस्तार हो रहा है और इससे नवाचार, निवेश तथा विकास के नए अवसर खुल रहे हैं।

सेमीकंडक्र इंडस्ट्री में एक शब्द इस्तेमाल होता है टैप-आउट। ये वो दिन होता है, जब चिप डिजाइन पूरा होने के बाद प्रोडक्शन के लिए चली जाती है, लेकिन टैपआउट के बाद काम रुकता नहीं है, उसी दिन अगले वर्जन पर काम शुरू हो जाता है और भारत भी यहीं कर रहा है। हमारे पहले फेज का साइज लगभग एक बिलियन डॉलर्स का था, जबकि सेकेंड फेज का 13.5 बिलियन डॉलर तक का हमने तय किया है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत में निर्मित चिप अब देश के भीतर और दुनिया भर में उपलब्ध हैं। श्री मोदी ने बताया कि अब तक चिप निर्माण की 12 परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है।

-----------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं की ऊर्जा को राष्ट्र की शक्ति बनाने के लिए अवसरों के नए द्वार खोले हैं। खेलो इंडिया ने खेल प्रतिभाओं को मंच दिया, फिट इंडिया ने स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया, स्किल इंडिया ने हुनर को अवसर से जोड़ा और स्टार्टअप इंडिया ने युवाओं में उद्यमिता की नई ऊर्जा पैदा की। इसी प्रकार, मुद्रा योजना और स्टैंड-अप इंडिया ने युवाओं के लिए स्वरोजगार और उद्यमिता के रास्ते खोले हैं। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी आज अंबाला शहर में 'सेवा संकल्प अभियान' के शुभारंभ पर आयोजित 'नशा-मुक्त हरियाणा नमो मैराथन' के प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन खास है।
उन्होंने उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई। मुख्यमंत्री ने सभी को विश्वकर्मा दिवस की बधाई भी दी इससे पहले मुख्यमंत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

---------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज कुरुक्षेत्र के पिहोवा स्थित जुरासी में संत बाबा ईशर सिंह जी राड़ा साहब वालों के 51वें बरसी समागम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने संत बाबा ईशर सिंह जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि संत बाबा ईशर सिंह जी ने अपना संपूर्ण जीवन नाम-सिमरन, गुरबाणी और मानवता की सेवा में समर्पित किया।

उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधन समिति को 21 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने सभी से शाम को प्रत्येक घर में आशीर्वाद का दीया जलाने का आह्वान किया और आशा व्यक्त की कि सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दीया जला कर आशीर्वाद देंगे।

---------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण की शुरुआत कर दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की है।

लाडो लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण का पंजीकरण पोर्टल खुलने से लंबे समय से पोर्टल खुलने का इंतजार कर रही महिलाओं के लिए अब योजना में नए सिरे से आवेदन करने का मौका मिलेगा। पात्र महिलाओं को हर महीने ₹2100 की आर्थिक मदद दी जाएगी।

-----------------------------------------------------

'सेवा संकल्प अभियान' के शुभारंभ पर आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला के पुलिस लाइन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से पूरे राज्य में '100-दिवसीय एनीमिया-मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत की। साथ ही, उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित आंखों और एनीमिया की जांच के लिए शिविर का उद्घाटन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान' को शुरू करने का मुख्य मकसद राज्य में रक्त की कमी की रोकथाम और उसकी शुरुआती पहचान एंव लोगों में जागरूकता लाने के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस शिविर से छात्रों, खासकर छात्राओं को फायदा होगा। जिन छात्राओं में एनीमिया पाया जाएगा, उन्हें एनीमिया के इलाज के लिए डॉक्टरों की सलाह के अनुसार दवाएं दी जाएंगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने छात्राओं को पोषण किट भी वितरित की।

---------------------------------------------

हिसार में आज सेवा संकल्प अभियान के तहत बहु तकनीकी महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हिसार से विधायक सावित्री जिंदल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

हिसार में नागरिक अस्पताल के उप सिविल सर्जन डॉ सुशील गर्ग ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत थैलेसीमिया जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा हैं।

-------------------------------------------------------------

देशभर के साथ पानीपत में भी आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा और जनकल्याण के संकल्प के साथ मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय श्याम कमल में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने हवन यज्ञ में आहुति डाली और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

=======================================